# टेक्नोकल्चरल फेस्ट 'अध्याय-19' आज से




कानपुर : हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय (एचबीटीयू) का टेक्नोकल्चरल फेस्ट 'अध्याय-19' गुरुवार से होने जा रहा है। तीन दिन चलने वाले इस फेस्टिवल में गीत, संगीत के अलावा तकनीकी मॉडल व प्रतियोगिताएं होंगी। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. एनबी सिंह होंगे। समारोह का आगाज कवि सम्मेलन के साथ होगा। कवि सम्मेलन में अरुण जेमिनी, विकास बौखल, राम भदावर, रामेंद्र मोहन त्रिपाठी, पद्मिनी शर्मा, वाहिद अली वाहिद व डॉ. सुरेश अवस्थी अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।